नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

पत्रांक-128/2020
दिनांक-02/12/2020

अपर मुख्य सचिव
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना।

विषयः– मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड में कमला नदी के पूर्वी धार पर भीठ भगवानपुर गाँव से रर्जार गाँव जाने वाली पथ में अवस्थित पीपा पुल को झंझारपुर प्रखण्ड के झंझारपुर नगर पंचायत अन्तर्गत परतापुर के पास कमला नदी पर लगवाने के सम्बन्ध मे।

महाशय,

मैं ने अपने कार्यालय पत्रांक 343 दिनांक 18/01/2011 को मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड में कमला नदी के पूर्वी धार पर भीठ भगवानपुर गाँव से रर्जार गाँव जाने हेतु पीपा पुल बनवाने से सम्बन्धित पथ निर्माण विभाग से अनुशंसा किया था। पथ निर्माण विभाग ने मेरे अनुशंसा के आलोक में उपर्युक्त स्थान पर पीपा पुल बनवाने का निर्णय लेते हुए अपने कार्यालय पत्रांक 9210 (5) दिनांक 22/08/2020 को प्रसासनिक स्वीकृति दी। पीपा पुल का निर्माण भी किया गया।

वर्त्तमान समय में उपर्युक्त स्थान पर बने पीपा पुल से सटे हुए कमला नदी पर R.C.C पुल का निर्माण हो चुका है। R.C.C पुल निर्माण हो जाने से उस जगह पर अब पीपा पुल की कोई आवश्यकता नही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त पीपा पुल को वहाँ से हटा कर झंझारपुर प्रखण्ड के झंझारपुर नगर पंचायत अन्तर्गत परतापुर के पास कमला नदी पर लगवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदयी

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 2.12.20

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in